प्रादेशिक समाचार
दिनांक–23.03.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सभी उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की कमियों को सत्ताईस मार्च तक दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। उन्होंने आज चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया में विभिन्न मतदान केंद्रों में उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेने के साथ मतदान केंद्र जागरुकता समूह के सदस्यों और मतदाता सूची का भी अवलोकन किया।

****

रांची लोकसभा क्षेत्र के तहत हटिया के ग्यारह मतदान केन्द्रों के भवन के नाम में परिवर्तन करने के प्रस्ताव को उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने स्वीकृति दे दी है। उन्होंने इन मतदान केन्द्रों के भवन के नाम परिवर्तन की जानकारी लोगों तक पहुंचाने के लिए बीएलओ और सुपरवाइजर समेत अन्य प्रचार माध्यमों से करने का निर्देश दिया है।

****

चतरा जिले में निर्वाचन कार्यों में शामिल सरकारी कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान करने की सुविधा मिलेगी। इसके लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में पोस्टल बैलेट वोटिंग सेंटर बनाया जाएगा। जिले के उपायुक्त–सह–जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गठित सभी उन्नीस कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक में इसकी जानकारी दी।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, जेएसएससी ने राज्य सरकार द्वारा तृतीय संशोधन नियमावली को मंजूरी दिए जाने के बाद सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के आवेदन की तारीख छह अप्रैल तक बढ़ा दी है। नए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता परीक्षा के जरिए सहायक आचार्य के छब्बीस हजार पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है।

****

धनबाद के सरायढ़ेला थाना क्षेत्र स्थित भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, बीसीसीएल मुख्यालय के सीएमपीडीआई भवन में कल देर रात आग लग जाने से कई महत्वपूर्ण कागजात और अन्य सामान जल गए। घटना के बाद कार्यालय की सुरक्षा में तैनात जवानों की सूचना पर पहुंची दमकल टीम की आठ गाड़ियों ने करीब छह घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

****

रामगढ़ और हजारीबाग जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक कोयला खनन परियोजना में चल रही सात गाड़ियों को आवश्यक कागजात नहीं होने के कारण जब्त किया गया है। हजारीबाग के उप परिवहन आयुक्त संतोष गर्ग के नेतृत्व में चलाए गए जांच अभियान में छह डंपर और एक पानी के टैंकर को सीज किया गया है। सभी गाड़ी मालिकों के खिलाफ क़ानूनी कार्रवाई की जा रही है।

****

जमशेदपुर के एग्रीको मैदान से आज निकली गयी तिरंगा यात्रा में अंग्रेजों से लड़ने वाले क्रांतिकारियों की झांकी दिखाई गयी। यात्रा से पहले भारतीय सेना के वीर जवानों और शहीद की पत्नियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य हर एक युवा में देशभक्ति की भावना को जीवित रखना है।

****

सिमडेगा जिले में आईएम रेडी टू वोट कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

सरायकेला–खरसावां जिले के शहरी क्षेत्रों में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। इस सिलसिले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के नेतृत्व में आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर सभागार में एक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उपायुक्त ने आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी और फैक्ट्री मालिकों को निर्देश दिया कि मतदान के दिन मजदूर और कर्मचारियों को वेतन के साथ छुट्टी प्रदान की जाए ताकि वे वोट डाल सकें।

****

झारखंड समेत पूरी दुनिया में आज अर्थ आवर डे मनाया जाएगा। वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर अभियान के तहत पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण को लेकर यह यह दिवस 2007 से मनाया जा रहा है। इसके तहत लोगों से रात्रि साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक एक घंटे तक अपने घरों की बिजली बंद रखने का आह्वान किया गया है।

**********समाप्त**********